वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय , जौनपुर

प्रेषक–

परीक्षा नियंत्रक,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर

पत्रांक : 3208 / परीक्षा / 2026

दिनांक : 08.05.2026

कार्यालय ज्ञाप – विस्तरण

एतदद्वारा सर्व सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विभिन्न छात्रों एवं प्रतिनिधियों के अनुरोध पर मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार छात्रहित में वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर से सम्बद्व महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसर के **स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर के यथा–बी0एड0, एम0एड0, बी0पी0एड0, एल0एल0बी0, एल0एल0एम0, बी0एस0सी0एजी तथा एम0एस0सी0एजी (द्वितीय सेमेस्टर समर्थ पोर्टल से भरे जा रहे हैं) सम सेमेस्टर के सत्र 2025–26 में** प्रवेशित छात्र / छात्राओं के संस्थागत एवं कैरी फारवर्ड के परीक्षा फार्म आनलाइन भरे जाने, शुल्क जमा कराने हेतु **निम्नवत तिथि विस्तारित की जाती है:–**

01	आनलाइन परीक्षा फार्म भरने एवं सत्यापन की तिथि	**10.05.2026 तक**
02	परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि	**11.05.2026 तक**

(अ) **विशेष रूप से यह सूच्य है कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों के स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर के द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा फार्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरे जा रहे हैं।**

(ब) **स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर के चतुर्थ सेमेस्टर, छठां , आठवॉ सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर स्तर के चतुर्थ सेमेस्टर तथा कैरी फारवर्ड के समस्त फार्म पूर्व की भॉति विश्वविद्यालय पोर्टल से भरे जायेंगें,**

(स) **निर्धारित तिथि तक समस्त परीक्षा फार्म भरवाना सुनिश्चित करें। उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक समस्त कार्यवाही पूर्ण करें, अन्यथा सम्बन्धित महाविद्यालय उत्तरदायी होंगें।**

विशेष निर्देश–1.समस्त महाविद्यालय, विभागाध्यक्ष / संकायाध्यक्ष ये सुनिश्चित करने का कष्ट करें कि सम्बन्धित छात्र / छात्रा परीक्षा में सम्मिलित होने के परिप्रेक्ष्य में समस्त अपेक्षित अर्हतायें धारित करता हो।

2.परीक्षा फार्म विशेष सतर्कता एवं सावधानी पूर्वक भरा जाय तथा समय–सीमा के अन्तर्गत समस्त कार्य पूर्ण किया जाय।

3.उपरोक्त पाठ्यक्रमों की परीक्षा तिथि यथाशीघ्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जायेगी।

डॉ0 (विनोद कुमार सिंह)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2. वित्तअधिकारी / कुलसचिव / उप कुलसचिव / प्रशा.अधिकारी गोपनीय / परीक्षा / अतिगोपनीय।
3. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक / प्रभारी / समन्वयक विश्वविद्यालय परिसर।
4. सम्बन्धित प्राचार्य / प्राचार्या, सम्बद्व महाविद्यालय वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया संबंधित छात्र / छात्राओं को सूचना अपने स्तर से भी देने का कष्ट करें तथा निर्धारित समय से फार्म पूर्ण कराना तथा प्रवेश पत्र वितरित करना सुनिश्चित करें।
5. मीडिया प्रभारी, विश्वविद्यालय परिसर को समस्त समाचार पत्रों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशनार्थ।
6. प्रभारी वेबसाइट, विश्वविद्यालय परिसर।

परीक्षा नियंत्रक